संक्षिप्त

शिक्षा में नवाचार का संदेश

अजमेर/नसीराबाद । पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय नसीराबाद के प्राथमिक विभाग में सीएलए के अंतर्गत एफएलएन (आधारभूत साक्षरता एवं संख्यान ज्ञान) गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में मूलभूत भाषाई एवं गणितीय कौशल को सुदृढ़ करना रहा, जिसके तहत कक्षा वार शिक्षण पद्धतियों और खेल आधारित गतिविधियों का प्रदर्शन किया गया। कक्षा प्रथम के बच्चों ने अक्षर ज्ञान, संख्या पहचान और हमारे सहायक विषय पर प्रस्तुति दी। कक्षा दूसरी में विलोम शब्द, क्रिया शब्द और स्थानिक मान की जानकारी दी गई। कक्षा तीसरी ने क्रिया शब्द और सुरक्षा नियम, कक्षा चौथी ने पूर्वसर्ग, भिन्न, विलोम शब्द और जल शुद्धिकरण पर प्रस्तुति दी। वहीं कक्षा पांचवी के विद्यार्थियों ने व्याकरण, शब्द श्रृंखला, कोणों के प्रकार और पौधों के प्रकार विषयों पर प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का संचालन रेखा मीणा ने किया। एफएलएन कार्यक्रम प्राचार्य आर सी मीणा और प्रधानाचार्य अजय कुमार की देख रेख में संपन्न हुए। प्राचार्य ने बच्चों के उत्साहवर्धन के लिए सुझाव दिए और शिक्षा के प्रति रुचि बढ़ाने पर बल दिया। इस अवसर पर बच्चों के प्रदर्शन के आधार पर प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान भी घोषित किए गए। प्रधानाचार्य अजय कुमार ने आधारभूत साक्षरता एवं संख्यान ज्ञान की जानकारी देते हुए कहा कि नई शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप खेल खेल में शिक्षा की अवधारणा बच्चों के विकास के लिए अत्यंत उपयोगी है।

मोहर्रम का जुलूस निकला

भीलवाड़ा। हजरत इमाम हुसैन की शहादत की याद में रविवार को शहर सहित जिले भर में मोहर्रम का जुलूस निकला गया। शहर की सभी मस्जिदों के मोहर्रम सुबह लगभग 10 बजे अपने मुकाम से रवाना हुए जो निर्धारित मार्ग से होते हुए देर रात बड़ला चौराहा स्थित करबला पहुंचेंगे। जहां ताजिए शहराब किये जायेगी। इससे पहले शनिवार को कत्ल की रात मनाई गई। गांधीनगर, आरके कालोनी एवं स्टेशन मस्जिद के मोहर्रम बाद नमाज इशा रवाना होकर स्टेशन चौराहा पहुंचे। जहां से सदर बाजार, गोल प्याऊ चौराहा तथा नीलगरों के चौक होते हुए देर रात पुरानी धानमंडी चौक में एकत्र होंगे। जहां से सभी मोहर्रम एक साथ होकर राय जी मोडा की गली, मंगला चौक तथा सर्राफा बाजार होते सुबह चार बजे अपने अपने मुकाम की और प्रस्थान कर गए। आज रविवार को मुकाम फिर से कर्बला की और रवाना हुआ। कानून व्यवस्था को कायम रखने के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पारस जैन ने मोर्चा संभाले रखा।

49 बालिकाओं को नए वस्त्र की सेवा

अजमेर । लायंस क्लब अजमेर आस्था द्वारा समाजसेवी लायन राकेश पालीवाल, पूर्व क्षेत्रीय अध्यक्ष लायन मधु पाटनी के अलावा अन्य भामाशाहों के सहयोग से अजमेर के अंचल का ग्राम ककलाना की 49 बालिकाओं को सलवार सूट के साथ प्लाजो की सेवा भेंट की गई। क्लब अध्यक्ष लायन मुकेश कर्णावट ने बताया कि कार्यक्रम संयोजक लायन अतुल पाटनी के संयोजन एवं ग्राम ककलाना के सामाजिक कार्यकर्ता महेंद्र मेघवंशी के माध्यम से जरूरतमंद परिवार की बालिकाओं को क्रमबद्ध तरीके से वस्त्र की सेवा भेंट की गई। सेवा पाकर सभी बालिकाओं ने ताली बजाकर क्लब द्वारा दी सेवा की तारीफ की।

मेघवाल समाज प्रतिभा सम्मान समारोह

ब्यावर(निसं) सर्व मेघवंशी मेघवाल समाज राजस्थान सेवा संस्था ब्यावर की आम सभा बाबा रामदेव मंदिर शाहपुरा मोहल्ला में हुई। इसके अंतर्गत मेघवाल समाज का प्रतिभा सम्मान समारोह 24 अगस्त 2025 को ब्यावर में होना तय किया गया। संस्था अध्यक्ष गुरु शरण गोयल ने बताया कि समाज की प्रतिभाएं जिसमें कक्षा 10 एवं 12, कॉलेज स्तर, विभिन्न सरकारी सेवाओं में चयन, विभिन्न खेल प्रतिभाओं तथा समाज की प्रतिमाओं का सम्मान प्रतिभा सम्मान समारोह में किया जाएगा। इस हेतु विभिन्न प्रकार के दायित्व समाज बंधुओ को दिए गए। संस्था द्वारा समाज के विकास एवं उद्देश्य के अनुरूप कार्य किया जा रहे हैं। आम सभा मीटिंग में संरक्षक नारायण मेहडा,योगेश मेहरडा ,त्रिलोक तालेपा ,गोपाल सम्राट, विनोद कुमार मंडल, मनोज जयपाल, नारायण लाल लहवा, सहित अनेक समाज बंधु उपस्थित रहे।

मोहर्रम पर निकाला ताजियों का जुलूस

- झालरे-जलाशयों में किया सैराब
- तलवारों से खेला बड़ा हाईदौस, कर्बला का मंजर पेश
- गमजदा लोगों ने किया खुद को लहूलुहानए

अजमेर, (कासं)। योमे आशुरा के मौके पर मोहर्रम माह की दसवीं तारीख पर रविवार को अजमेर शहर सहित जिले भर में मुस्लिम समुदाय के लोग हजरत इमाम हुसैन की याद में गमजदा हो गए। ख्वाजा मोईनुद्दीन चिश्ती की दरगाह के अंदरकोट क्षेत्र में सौ तलवारों से बड़ा हाईदौस खेला गया, बाद में गमजदा माहौल में ताजिया शरीफ को झालरे और जलाशयों में सैराब किया गया। अधिकांश मुस्लिम घरों में चूल्हे नहीं जले। वहीं तारागढ़ पर शिया समुदाय ने खुद को रक्त रंजित कर खिराज ए अकीदत पेश की।

तोप दागने के साथ शुरू हुई डोले की सवारी:- मोहर्रम की दस तारीख रविवार को दोपहर 2:30 बजे हजरत इमाम हुसैन और कर्बला के 72 शहीदों की याद में दी पंचायत अंदर कोटियान की ओर से हताई चौक में जमा हुए। तोप गर्जना के साथ ही तलवार भांजना शुरू कर दी। हथाई चौक से डोले की सवारी उठाते ही नौजवान जोश में आ गए। मुस्लिम समुदाय के युवकों, बुजुर्गों ने बड़ा हाईदौस खेला, कर्बला का मंजर पेश किया। हरा लिबास पहने युवकों, बुजुर्गों और बच्चों ने चमचमाती तलवारों से बड़े हाईदौस में हिस्सा लिया। इस रस्म को देखने के लिए बड़ी संख्या में आशिकाने हुसैन उमड़ पड़े। इसी माहौल बड़ा हाईदौस का जुलूस हथाई से शुरू होकर त्रिपोलिया गेट पहुंचा, वहां से एक घंटे बाद लौटा। जिस प्रकार जंग में बिगुल बजाया जाता है, जुलूस के बीच खड़े समुदाय के युवा बिगुल बजाते रहे, जबकि अन्य लोग झांझ, ढोल ताशे बजाकर तलवार भांजने वालों का जोश बढ़ा रहे थे, ये किसी जंग के मंजर से कम नहीं था। आगे-आगे तलवारें भांजते लोग चल रहे थे और उसके पीछे डोले की सवारी, जिसे युवाओं ने कंधों पर उठा रखा था। हाईदौस का जुलूस कातन बावड़ी, बड़बाव होता हुआ देर शाम को आमाबाव पहुंचकर संपन्न हुआ, वहां सलाम पेश कर डोले शरीफ सैराब कर तबर्रुक बांटा गया। हाइदौस के दौरान कई लोगों के हाथों की अंगुलियों में भी चोटें आई, जख्मों की परवाह किए लोग फिर से हाईदौस में शामिल होते रहे। जख्मी होने वाले लोगों का मौके पर ही चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा उपचार किया। हाईदौस के दौरान मौके पर जिला कलेक्टर लोक बंधु, पुलिस अधीक्षक वंदिता राणा, एडीएम सिटी गजेंद्र सिंह सहित आला अधिकारी सहित बड़ी संख्या में पुलिस जाप्ता तैनात रहा। गौरतलब है कि सदियों पुरानी हाईदौस की परंपरा के लिए प्रशासन द्वारा पंचायत के मुखिया को 100 तलवारें सौंपी जाती हैं। परंपरा के निर्वहन के बाद वहीं तलवारें प्रशासन के मालखाने में जमा कराई जाती है।

खिराज-ए-अकीदत पेश: तारागढ़ पर शिया समुदाय के लोग गमजदा नजर आए। युवाओं, बच्चों और बुजुर्गों ने शरीर पर थाप लगाते हुए खुद को रक्त रंजित किया। लोगों ने दिनभर रोजा रखा, घरों में चूल्हे तक नहीं जले। कर्बला के मंजर का प्रसंग सुनकर कई धर्मावलंबी सुबक उठे, शाम को ताजिया शरीफ को परम्परानुसार सैराब किया गया। इसी तरह दौराई में शिया समुदाय ने खिराज ए अकीदत पेश की। मोहर्रम पर मुस्लिम घरों में रोजे रखे गए। देहली गेट, धानमंडी, मोती कटला, दरगाह बाजार, अंदरकोट, नला बाजार, फूल गली सहित विभिन्न इलाकों में मुस्लिम कारोबारियों ने दुकानें प्रतिष्ठान बंद रखे गए।

ताजिए सैराब: दरगाह के खादिमों की संस्था द्वारा बनाया गया बड़ा ताजिया भी झालरे में सैराब किया गया। इसके साथ ही अंदरकोट हथाई, बड़बाव हथाई के डोले हाईदौस शुरू होने से पहले सैराब किए गए जबकि हाईदौस का जूलूस सम्पन्न होने पर दरगाह निजाम गेट से चांदी के ताजिया और अजमेरी दड़ा के ताजिये की सवारी निकाली गई। चांदी के ताजिए को सोलह खम्बे ले जाया गया, जहां पानी का छींटा देकर लंगर खाना इमामगाह ले जाकर कर रख दिया गया, जबकि अजमेरी दड़ा का ताजिया मरसिया के साथ बड़बाव अंदरकोट पहुंचा, जहां सलाम पेश कर ताजिए पर पानी का छींटा देकर मुकाम पर रख दिया गया। मोहर्रम पर रोजे आशूर की नमाज अदा कराई तथा मजलिस भी हुई। मोहर्रम पर शहर के अन्य क्षेत्रों तबीजी, खानपुरा, सोमलपुर और अन्य इलाकों में ताजियों की सवारी निकाली गई। लोगों ने गमजदा महौल में ताजियों को सैराब किया। हटूण्डी में भी निकली ताजिये की सवारी- हर साल की तरह इस साल भी यौमे आशूरा के मौके पर शहिदे कर्बला इमाम हुसैन की याद में ताजिये की सवारी निकाली गई, मोहर्रम कमेटी कन्वीनर मोहम्मद रियाज के अनुसार ताजिये की सवारी की शुरुआत के बाद नमाजे जोहर इमामबाड़े से मरसिया और सलातो सलाम पढ़ते हुए रेलवे फाटक होते हुए दरगाह गफूर अली शाह स्थित बावड़ी पर पहुंची, वहां पर बने हौज़ में ताजिया सेराब किया गया, हटूण्ड़ी के अलावा आस-पास के कई गांवों के अकिदतमंदों ने शिरकत की। कार्यक्रम में कांग्रेसी नेता महेंद्र सिंह रलावता, युवा नेता अशरफ अली, वन विभाग के डीएफओ इसके साथ ही दी सोसायटी पंचायत अन्दर कोटियांन के सदर शामिर खान, और सभी सदस्य वे बुजुर्ग मौजूद रहे।

वैश्य युवा शक्ति के जोश से चमका भीलवाड़ा : रक्तदान महायज्ञ बना सेवा, समर्पण और संगठन का प्रतीक

- चार दिन के कठिन परिश्रम और युवा समर्पण ने आयोजन को सफल बनाया

भीलवाड़ा। अंतरराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के स्थापना दिवस को सेवा संकल्प दिवस के रूप में मनाते हुए आज भीलवाड़ा के अठासेन भवन में आयोजित विशाल रक्तदान शिविर अत्यंत उत्साह, समर्पण और अनुशासन के साथ सम्पन्न हुआ। प्रातः 10 बजे से सायं 6 बजे तक चले इस सेवा महायज्ञ में युवाओं, महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों सहित समाज के सभी वर्गों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

जिला अध्यक्ष रामेश्वर काबरा ने बताया कि रक्तदान शिविर में समाज के विभिन्न वर्गों की जबरदस्त सहभागिता देखने को मिली, जिससे यह आयोजन भीलवाड़ा में वैश्य समाज की संगठित सेवाशक्ति, सकारात्मक सोच और जनहित संकल्प का प्रतीक बन गया। समाज की एकजुटता, चार दिन के कठिन परिश्रम और युवा समर्पण ने इस आयोजन को सफल और प्रेरणास्पद बना दिया। शिविर में भीलवाड़ा नगर परिषद महापौर राकेश पाठक ने स्वयं रक्तदान कर समाज के लिए प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया। अनेक युवाओं एवं महिलाओं ने अपने जीवन का प्रथम रक्तदान कर यह सिद्ध किया कि सेवा की भावना ही संगठन की आत्मा होती है। इस आयोजन की जानकारी जिला अध्यक्ष (युवा) राघव कोठारी ने बताया कि मार्गदर्शन संभागीय अध्यक्ष एवं सांसद दामोदर अठावाल, विधायक अशोक कोठारी, महापौर राकेश पाठक, प्रदेश मंत्री एवं राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य कल्पेश चौधरी, महिला संभागीय अध्यक्ष श्रीमती मधु जाजू, जिला अध्यक्ष रामेश्वर काबरा, जिला महामंत्री ललित अठावाल, युवा संभागीय अध्यक्ष देवेंद्र डाणी, महिला जिला अध्यक्ष श्रीमती लीला राठी एवं महिला जिला महामंत्री श्रीमती सुमन अग्रवाल, प्रदेश उपाध्यक्ष आरती कोगटा, जिला कोषाध्यक्ष सत्यनारायण मूंदड़ा युवा प्रदेश मंत्री पंकज लोहिया सहित सभी अतिथियों की उपस्थिति ने आयोजन की गरिमा में चार चाँद लगाए। रक्तदान महायज्ञ को प्रभावशाली बनाने हेतु युवा जिला अध्यक्ष राघव कोठारी के नेतृत्व में सुव्यवस्थित समन्वय किया गया। इस सेवा यज्ञ में जिला महामंत्री आशीष अठावाल, जिला कोषाध्यक्ष आशीष झंवर, रक्तदान प्रभारी लोकेश अठावाल, सह संयोजक योगेश हेडा, मनीष बोरदिया, हर्षल नागौरी, अजय नौलखा, रौनक हींगड़, सीए वैभव बिंदल, अभिषेक चंडालिया, आलोक पलोड़, चेतन अठावाल, तरुण पंसारी, आशीष चौधरी, पंकज पोरवाल और अजय कोठारी सहित सैकड़ों युवाओं ने तन-मन-धन से योगदान दिया। रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र, 2100 मूल्य की आजीवन सदस्यता तथा तुलसी का पौधा (गमले) भेंट कर सम्मानित किया गया, जो सेवा भावना को प्रकृति और भारतीय संस्कृति से जोड़ने का भावनात्मक प्रयास था। शिविर की चिकित्सा व्यवस्थाएं अरिहंत हॉस्पिटल ब्लड बैंक, श्री कोटड़ी श्याम हॉस्पिटल एवं एमजी अस्पताल की ब्लड कलेक्शन टीमों के सहयोग से सफलतापूर्वक सम्पन्न हुईं। डॉ. आर.के. जैन, अर्पित बाहेती, हेमंत गर्ग, गोपाल विजवर्गीय एवं उनकी समर्पित टीमों का योगदान अत्यंत सराहनीय रहा। इस भव्य आयोजन में माहेश्वरी, जैन, अठावाल समाज के जिला एवं नगर अध्यक्षगण, मंत्रीगण, प्रख्यात व्यापारीगण और वरिष्ठ समाजसेवियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। यह शिविर केवल रक्तदान नहीं, बल्कि वैश्य समाज की एकता, राष्ट्रधर्म के प्रति निष्ठा और सेवा परंपरा का जीवंत प्रतीक बन गया।

नई सोच मुहिम संस्थान द्वारा वृक्षारोपण

ब्यावर (निसं) शहर मे पर्यावरण संरक्षण ओर स्वच्छता के लिए कार्य कर रही स्वयं सेवी नई सोच मुहिम संस्थान द्वारा इस वर्ष अपना सघन वृक्षारोपण अभियान में कटारिया कॉलोनी मे निर्माणाधीन राजकीय बालिका महाविद्यालय मे पौधारोपण किया गया। विकास कुमावत राजस्व अधिकारी नगर परिषद, संत बच्चू मल निरंकारी संस्थान, श्री सिंधी सेंट्रल पंचायत रजिस्टर्ड सोसाइटी जिला ब्यावर के अध्यक्ष आसन दास वासवानी बाबू भाई के सानिध्य मे एक साथ एक सौ एक नीम के पौधे लगाकर किया संस्थान इस वर्ष अपने सघन वृक्षारोपण अभियान के शहरी क्षेत्र के लगे अन्य ठाामीण क्षेत्रों मे लगभग 5000 पौधे लगाने के लक्ष्य को लेकर काम कर रही है।

विधायक भदेल ने किये 93 लाख रुपये के विकास कार्य का किया शुभारम्भ : भदेल

अजमेर, (कासं)। अजमेर दक्षिण विधायक अनिता भदेल ने रविवार को वार्ड नं. 42 एवं वार्ड नं. 50 कॉन्वेंट स्कूल से बंद कुंए होते हुए गुरुदत्त जी की दुकान तक सीसी सडक निर्माण कार्य का विधिवत रुप से पूजा अर्चना कर शिलान्यास किया। इस निर्माण कार्य की लागत 55 लाख रुपये होगी।

विधायक भदेल ने अपने सम्बोधन में कहा कि यह सडक काफी लम्बे समय से क्षतिग्रस्त चल रही थी। यह सडक बहुत खुदी हुई है जर्जर अवस्था में है लोगों को आने जाने में परेशानी होती है, ओर यहां वर्षा ऋतु में पानी भरने की भी समस्या बनी रहती है। यह सडक दो वार्डो में आती है यह वार्ड 42 एवं 50 का हिस्सा है, जिसके कारण पार्षदों द्वारा यह सडक निर्माण कार्य नही कराकर एक दूसरे के जिम्मे छोड रहें थे।

साथ ही विधायक भदेल ने बताया कि पिछले कुछ दिन पूर्व मेरे द्वारा आयुक्त महोदय के साथ नाला निरीक्षण किया गया था उन सभी की नालो की सफाई का कार्य प्रारंभ हो चुका है। अतिक्रमण किए हुए नालों से अतिक्रमण हटाया जा रहा है। ताकि नालो की सफाई हो सके।

विधायक भदेल ने रविवार को वार्ड नं. 45 देव वाटिका से श्रृंगार चंवरी होते हुए पांचू हलवाई तक डामर व सीसी सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास किया इस निर्माण कार्य की कुल लागत राशि 38.00 लाख रुपये है।

विधायक भदेल ने बताया कि यह सड़क कई वर्षों से बेहद खराब हालत में थी। लगातार टूट-फूट और गड्ढों के कारण लोगों को इस मार्ग से गुजरने में काफी परेशानी हो रही थी। क्षेत्र के नागरिकों ने इस सड़क के निर्माण के लिए निवेदन किया था। लोगों की इस आवश्यक मांग को देखते हुए, पिछले वर्ष ही इस सड़क निर्माण की स्वीकृति मेरे द्वारा कर दी गई थी। लेकिन संबंधित संवेदक द्वारा लापरवाही बरती गई, जिसके कारण यह निर्माण कार्य समय पर शुरू नहीं हो सका। इससे आमजन को काफी असुविधा का सामना करना पड़ा।

इस अवसर पर जिला मंत्री राजेश घाटे, झलकारी बाई मण्डल अध्यक्ष रजनीश चौहान, पूर्व झलकारी बाई मण्डल अध्यक्ष व पार्षद हेमंत सांखला, सुरेन्द्र सिंह शेखावत, पार्षद अंजना शेखावत, आदर्श मण्डल प्रभारी रविन्द्र सिंह जादौन, महामंत्री संदीप माखीजानी, महामंत्री रोहित सोगरा, नितेश आत्रे, शक्ति केन्द्र संयोजक यतेन्द्र चौहान, सीमा गौस्वामी, संतोष मौर्य, सीलम बैरवा, उमेश माखीजानी, राजेश भाटी, आदर्श मंडल अध्यक्ष हितेश डाबरिया,पूर्व मंडल अध्यक्ष रविंद्र सिंह जादौन, सुरेंद्र वर्णवाल, शक्ति केंद्र संयोजक राजकुमार सोनी, दिनेश कुमार शर्मा, श्याम तंवर, मुन्नालाल, कैलाश सांखला, संजय, राकेश, गोपाल भड़ाना, निरंजन, सूरज सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता व क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

उप मुख्यमंत्री की मौजूदगी में किशनगढ़ सिटी बस स्टैण्ड का लोकार्पण

मदनगंज-किशनगढ़,(निस)। किस्तूरचंद घनश्याम अठावाल कुचामन वाले परमार्थ सेवा संस्थान द्वारा करीब एक करोड़ की लागत से जीर्णोद्धार कराये गये सिटी केंद्रीय रोडवेज बस स्टेण्ड का लोकार्पण उप मुख्यमंत्री व परिवहन मंत्री प्रेमचंद बैरवा ने विधिवत रूप से पूजा अर्चना कर किया। समारोह में उपमुख्यमंत्री बैरवा ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल सरकार के कार्यकाल में जनता की सुख सुविधाओं पर सर्वाधिक ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि किशनगढ़ मार्बल नगरी के नाम से दुनिया भर में अलग पहचान रखता है। यहां केउद्योगपतियों का जनहित कामों से भी लगाव रहता हैं। इसी के दृष्टिगत किशनगढ़ में पुराने बस स्टैंड के सौंदर्यकरण की जिम्मेदारी भामाशाह घनश्याम अग्रवाल परिवार ने ली। पुराने बस स्टैंड को भामाशाह परिवार ने नवीन केंद्रीय रोडवेज बस स्टैंड बनाकर जनता की सुख सुविधा के लिए विशेष ध्यान रखा।केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्यमंत्री भागीरथ चौधरी ने कहा कि भामाशाह घनश्याम ने पुराने बस स्टैंड का सौंदर्यकरण करा कर एक नई सौगात दी हैं।बानसूर विधायक देवीसिंह शेखावत, सभापति दिनेश सिंह राठौड़ ने भी आमजन हितार्थ में करवाए गए बस स्टैंड के सौंदर्यकरण कार्य के लिए प्रशंसा की। सभापति राठौड़ ने नगर परिषद की और हाई मास्क लाईट लगाने की घोषणा की। इस दौरान मार्बल एसोसिएशन अध्यक्ष सुधीर जैन, सीए सी एम अग्रवाल, अग्रवाल समाज अध्यक्ष कैलाश चंद अग्रवाल, महामंत्री प्रदीप अग्रवाल, निर्मल पाटौदी, पूर्व उप प्रधान प्रकाशचंद जैन, मुख्य प्रबंधक अजमेर आगार महेंद्र सिंह राठौड़, लक्ष्मीनारायण अठावाल, सज्जन कुमार कानोडिया, विजय कुमार गोयल, श्रीगोपाल गोयल, संतोष अठावाल, प्रीति अग्रवाल, कैलाश अंकल, नवीन अग्रवाल,आदि मौजुद थे।

रक्तदान शिविर आयोजित

कोटा, (निसं)। मोहर्रम के मौके पर मदनी वेलफेयर एजुकेशन सोसाइटी कोटा की ओर से चंबल गार्डन सामने एक दिवसीय स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता सोसाइटी के अध्यक्ष कयूम खान ने की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शहर काजी हज़रत जुबेर अहमद रहे। विशेष अतिथि के रूप में पार्षद सलीना शेरी तथा कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व अल्पसंख्यक विभाग गुजरात प्रभारी इंसाफ आज़ाद उपस्थित रहे। शिविर में युवाओं, समाजसेवियों और आम नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और 68 यूनिट रक्तदान किया गया, जिसे शहर के विभिन्न अस्पतालों के ब्लड बैंकों को सौंपा गया। मुख्य अतिथि काजी जुबेर अहमद ने कहा कि 'मोहर्रम का महीना हमें कुर्बानी और इंसानियत की सेवा का संदेश देता है। रक्तदान के जरिए हम इस पैग़ाम को अमल में लाते हैं।

संगोष्ठी में अंगदान महादान की शपथ दिलाई

- समाज सेविका चोपड़ा की पुण्यतिथि पर विचार गोष्ठी का आयोजन

अजमेर (कासं)। समाज सेविका स्वर्गीय स्वदेश चोपड़ा की दसवीं पुण्यतिथि के अवसर पर रविवार को सर्वधर्म मैत्री संघ अजमेर की ओर से विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में बड़ी संख्या में समाजसेवी, चिकित्सक एवं विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधि शामिल हुए।

संगोष्ठी कार्यक्रम की शुरुआत सर्वधर्म प्रार्थना के साथ स्व.स्वदेश चोपड़ा के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन करते हुए की गई। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को अंगदान महादान की शपथ दिलवाई गई।

संघ के अध्यक्ष प्रकाश जैन ने अपने विचार रखते हुए कहा कि समाज में जागरूकता लाने के लिए अंगदान जैसे विषयों पर चर्चा जरूरी है। स्वास्थ्य शिविरों और सामाजिक कार्यक्रमों के माध्यम से समाज के जरूरतमंदों तक सहायता पहुंचाने का कार्य सराहनीय होता है।

मौलाना अबुल कलाम आजाद कल्याण संस्थान के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. मंसूर अली ने कहा कि समाजसेविका स्व.चोपड़ा की पुण्यतिथि जैसे अवसरों पर आयोजित यह कार्यक्रम समाजहित के लिए प्रेरक है। इससे समाज में एकता, सद्भाव और सेवाभाव को प्रोत्साहन मिलता है।

उन्होंने कहा कि अंगदान से कई लोगों की जिंदगी बचाई जा सकती है और इसके लिए जन जागरूकता अभियान जरूरी है। विचार गोष्ठी में वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. भारत छबलानी ने चिकित्सा शिविरों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वास्थ्य शिविर समाज में जरूरतमंदों तक चिकित्सा सेवाएं पहुंचाने का सशक्त माध्यम हैं। मानव सेवा के लिए ऐसे आयोजन आवश्यक हैं, ताकि कमजोर वर्ग को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें। संगोष्ठी में सर्वधर्म मैत्री संघ के प्रकाश जैन, डॉ. मंजसूर अली, फैजल सिद्दीकी, कहकशा, हरदीप सिंह, सूरज गुर्जर, शैलेश गुप्ता, बाबूलाल साहू, योगेश कुमार सारस्वत आदि ने अपने विचार रखे।

डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती मनाई

ब्यावर (निसं) डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर महाराणा प्रताप मंडल द्वारा कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। उनके द्वारा दिए गए योगदान को याद किया गया।

भारतीय जनता पार्टी महाराणा प्रताप मण्डल मे आज डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती के मौके पर मण्डल के सभी बूथो पर कार्यक्रम आयोजित किया।

मण्डल महामंत्री सन्तोष जाठात ने बताया की मण्डल अध्यक्ष रवि चौहान के नेतृत्व मेबूथ संख्या 40 से 45नरेश मित्तल पूर्व मंडलअध्यक्ष, 46 से 50 नवल मुरारका, 51 से55 बुधराज शर्मा, 56 से 60संतोष दगदी, 61 से65 महेंद्र सिंह गौड, 66 से 70सत्येंद्र यादव, 71 से 75संतोष जाठात, 91 से 94नितिन खंडेलवाल बूथ संयोजको के मुख्य आतिथ्य मे सम्पन्न हुए।

सार-समाचार

जल व्यवस्थाऔर विश्राम वाटिका का समापन

ब्यावर (निसं) नगर परिषद प्रशासन व ब्यावर जिला व्यापार संघ द्वारा संचलित जल व्यवस्थाऔर विश्राम वाटिका का पिछले 75 दिन से निरंतर संचलित होने के बाद विधिवत रूप से समापन किया गया । समापन के अवसर पर जिला व्यापार सदस्यों द्वारा आम जन ओर राहगीरो को मिल्करोज का सेवन करा सेवा कार्य किया गया ।इन 75 दिवस में ना सिर्फ आम जनता को शीतल जल का सेवन कराया गया वरन् इस दोरान पड़ी भीषण गर्मी से भी टेंट और कुर्सी की उत्तम व्यवस्था के द्वारा राहत पहुचाई गई। ब्यावर व्यापार संघ की टीम के लगभग 300 सदस्यों द्वारा विगत 75 दिवस में 19778 शीतल पानी के केन द्वारा जिनकी गुणवत्ता 160-180 टीडीएस रही, जिसका 395560 लीटर जल के करीबन 3000000 गिलास शीतल जल का सेवन कराया गया ।इसी अवधि में विभिन सामाजिक संस्ताओ और भामाशाहों के सहयोग से 1000000 गिलास शीतल शरबत ,केरी पानी ,मिल्करोज, नींबू पानी ,टंडाई ,छाछ ,खरबूजा पन्ना और 350 आम का भी वितरण भी आम जनों को किया गया । जानवरों हेतु क़रीबन 50 सीमेंट की टंकियाँ शहर के विभिन्न क्षेत्रो में रखायी गई और 300 परिंडे भी पक्षियों के लिए लगाए गए ।इस दोरान श्री मद भागवत प्रभात फेरी परिवार की टीम के 200-250 सदस्यों के द्वारा एक दिन में एक साथ 10 जगह रिकॉर्ड 75000 हज़ार गिलास शरबत का सेवन कराया गया। इसी दोरान ब्यावर व्यापार संघ द्वारा लागत मूल्य पर रजिस्टर और कॉपियों का वितरण भी किया गया। सभी प्रशसनिक अधिकारियों , राजनताओ और सामाजिक संस्थाओ के सदस्यों ने वाटिकाओ का निरीक्षण किया। व्यवस्थाओ और सेवाओ पर संतोष व्यक्त किया ।समापन के अवसर पर नगर परिषद राजेस्व अधिकारी विकास कुमावत, जिला अध्यक्ष संजय घीया, संयोजक सुनील कुमार सिंघल, सहसंयोजक गौरव सेक्सना व व्यापार संघ सहयोजक गजराज आचार्य , सचिव विजय लोंगनी , कपिल भारती ,विनोद फुलवारी प्रकाश कुंदनानी , शंकर प्रजापत , नवल सोमानी , किशोर साहू , प्रवीण सिंघल ,करण सिंघल , प्रदीप खत्री , महावीर आबाद , दिनेश सावलानी, सहित बड़ी संख्या में ब्यावर व्यापार संघ के पदाधिकारी वे व्यापारी गण उपस्थित रहे ।

दादागुरूदेव की जयघोष के साथ दादामेला सम्पन्न

अजमेर ।अखिल भारतीय श्री जैन श्वेताम्बर खरतरगच्छ तीर्थ दादाबाड़ी में खरतरगच्छाचार्य युगप्रधान दादागुरूदेव श्री जिनदत्तसूरि जी महाराज का 871 वां स्वर्गारोहण समारोह दादागुरूदेव की जयघोष के साथ सम्पन्न हुआ। श्री जिनदत्तसूरि मण्डल के अध्यक्ष नरेन्द्र कुमार लूणिया ने बताया कि दादा मेले के दूसरे दिवस प्रातः 6 बजे से सामूहिक भक्तामर स्त्रोत एवं दादागुरूदेव इकतीसा पाठ का आयोजन और सामूहिक स्नात्र, पूजा व अर्चना सम्पन्न हुई, जिसमें देशभर से आये सैकड़ों महिला-पुरूषों ने पूजा के वस्त्रों में पूजा अर्चना की। मंत्री जयदीप पारख ने बताया कि दोपहर 1 बजे गुरू मन्दिर शिखर पर मण्डल सदस्यों एवं दादागुरूदेव के भक्तों द्वारा ध्वजा चढाई गई एवं दादागुरूदेव की बड़ी पूजा का आयोजन किया गया जिसमें संगीतकार सीमा दफ्तरी एव दर्शिल गदिया एण्ड पार्टी द्वारा दादागुरूदेव की संगीतमय पूजा पढाई गई। पूजा के पश्चात् दादाबाड़ी में स्वधर्मी वात्सल्य के आयोजन के साथ दादा मेला सम्पन्न हुआ। दादा मेले में समाज के गणमान्य लोग प्रेमचन्द लूणिया, राजकुमार बुरड़, संजय भडगतिया, दिलीप पारख, राजकुमार बोथरा, शैलेश जैन, अरूण मेहता, सतीश बुरड़, संदीप पारख आदि ने गुरू पूजा में अपनी उपस्थित देते हुये भाव-विभोर होते हुये नाचे गाए। दादागुरूदेव की निकाली शोभायात्रा- दादा मेले के अवसर पर दादागुरूदेव श्री जिनदत्तसूरिजी महाराज का वरघोड़ा दादाबाड़ी से भव्य जुलूस के रूप में श्री जिनदत्तसूरि नगर, पालबीछला श्रीनगर रोड़, राजा साईकिल चैराहा, जिनदत्तसूरि सर्किल, फ्रेजर रोड़ होता हुआ दादाबाड़ी पहुंचा, जहां समाज के गणमान्य लोगों ने जुलूस की अगवानी की। शोभायात्रा में बग्घी पर दादागुरूदेव का आदमकद चित्र को सजा कर बैंडबाजे, घोड़ो के साथ पूरे शोभायात्रा मार्ग में श्रावक-श्राविकाएं गुरूदेव के जयकारों के साथ भजन गाते नाचते चल रहे थे।

गुरुपूर्णिमा महोत्सव दस को

अजमेर । हिन्दू जनजागृति समिति द्वारा जयपुर, जोधपुर, भीलवाड़ा के क्रम में इस वर्ष गुरुपूर्णिमा महोत्सव का आयोजन अजमेर के सूचना केंद्र सभागृह में 10 जुलाई को किया गया है। इस अवसर पर समिति के राष्ट्रीय मार्गदर्शक सद्गुरु डॉ. चारुदत्त पिंगळे जी का 8 जुलाई को अजमेर आगमन होगा। वे जयपुर, जोधपुर एवं सोजत प्रवास के पश्चात अजमेर पधारेंगे। आगमन पश्चात अजमेर के साधक परिवार उनकी अगवानी करेंगे। तत्पश्चात वे अजमेर के प्रमुख प्राचीन नरसिंह मंदिर, अम्बे माता मंदिर, बजरंगगढ़ बालाजी मंदिर एवं घाटीवाले बालाजी मंदिर में दर्शन हेतु भी पधारेंगे। अपने प्रवास के दौरान सद्गुरु डॉ. पिंगळे जी आयोजन स्थल का अवलोकन करेंगे।महोत्सव में वे समाज के प्रबुद्धजनों को धर्मजागृति, साधना तथा राष्ट्रधर्म विषयों पर मार्गदर्शन देंगे। महोत्सव से पूर्व विश्व हिन्दू परिषद के केंद्रीय सहमंत्री आनंद गोयल, वरिष्ठ अधिवक्ता किशन गुर्जर सहित अन्य प्रबुद्धजनों से भी सद्गुरु जी का संवाद होगा।

'एक वचन भी जीवन नैय्या पार लगा सकता है'

अजमेर, । मणिपुंज सेवा संस्थान में महाश्रमणी गुरूमाता महासती पुष्पवती (माताजी) मसा आदि ठाणा 7 के पावन सान्निध्य में धर्म-ध्यान, तप त्याग का सुंदर वातावरण बन रहा है। धर्मसभा को संबोधित करते हुए उपप्रवर्तिनी सदगुरु रूवर्या डॉ. राजमती मसा ने कहा कि जिनवाणी के शब्द बहुत प्रभावशाली हैं, कर्म की निर्जरा में सहायक हो सकते हैं। इस कल्याणी वाणी ने अनार्यों को अधर्मियों को, पापमय जीवन बिताने वालों को धर्मात्मा बना दिया। हत्यारों को दयालु बना दिया। चंडकौशिक जैसा विषधर प्रभु वाणी सुनकर क्षमा का सागर बन गया। तीर्थंकर भगवान जहाँ विराजते हैं, वहां वीतराग वाणी गुंजायमान होती है। ऐसे वातावरण में प्राकृतिक प्रकोप नहीं होते। साध्वी डॉ. राजऋद्धि ने कहा नवकार महामंत्र के द्वितीय पद पर शोभायमान सिद्ध परमात्मा का स्मरण करने से हमारे भीतर ऊर्जा, उत्साह एवं प्रेम का झरना प्रवाहित होता है। साध्वी राजकीर्तिजी ने कहा कि इंसान मात्र धन-दौलत से ही सुखी नहीं होता है। पैसा कम हो या ज्यादा, उसका सदुपयोग करने का तरीका आना चाहिए, जिसके जीवन में संतोष रूपी धन आ जाता है, वही हमेशा सुखी रहता है।

पदस्थापना दिवस समारोह आयोजित

कोटा, (निसं)। रोटरी क्लब कोटा सेंट्रल का अवार्ड और स्थापना दिवस समारोह उत्साह व उमंग के साथ आयोजित किया गया, जिसमें नई ऊर्जावान टीम ने समर्पित भाव से सेवा का संकल्प लिया। डी.जी रोटेरियन प्रज्ञा मेहता मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में ए.जी रोटेरियन रोशनी मिश्रा उपस्थित रहीं। अध्यक्ष रोटेरियन सीए विपुल अग्रवाल, सचिव रोटेरियन नवजोत सिंह भसीन और 31 सदस्यों वाले बीओडी ने पद की शपथ ली। 15 नए सदस्यों के शामिल होने के साथ 75 से अधिक सदस्यों ने परिवार के साथ कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। अध्यक्ष विपुल अग्रवाल ने इस दौरान बताया कि इस तरह का भव्य आयोजन सभी के सहयोग से संभव हो सका और आगे भी वर्ष पर्यंत इसी तरह सभी समन्वय का भाव रखते हुए जरूरतमंदों की मदद करेंगे वहीं क्लब की योजनाओं को आगे बढ़ाएंगे। सचिव नवजोत ने बताया कि नई कार्यकारिणी निरंतर सभी का सहयोग लेगी और शिक्षा, चिकित्सा, पर्यावरण के साथ ही अन्य प्रोजेक्ट पर कार्य करेगी साथ ही जो भी क्लब को प्रोजेक्ट दिए जाएंगे उन्हें पूरा करने का प्रयास होगा।

पौधारोपण और संरक्षण का संकल्प

कोटा, (निसं)। शहर के अभेड़ा बायलॉजिकल पार्क परिसर में पगमार्क फाउंडेशन के वृक्ष मित्र पौधारोपण अभियान के उपलक्ष्य में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वन प्रेमियो द्वारा पौधारोपण किया गया जिसमें सभी ने एक उत्साह और उमंग के साथ बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। पगमार्क फाउंडेशन के संयोजक निमिष गौतम ने कहा कि वृक्ष मित्र अभियान के तहत इस बार 3100 पौधे लगाने का संकल्प लिया है और उनके संरक्षण की जिम्मेदारी ली है। यह अभियान दस चरणों में पूरा किया जाएगा। पगमार्क फाउंडेशन के अध्यक्ष देवव्रत सिंह हाड़ा ने कहा कि पर्यावरण और जीवन का अटूट संबंध है। पर्यावरण संरक्षण का दायित्व प्रत्येक व्यक्ति का है। हमारे पूर्वजों द्वारा लगाए गए वृक्षों का लाभ हमें मिल रहा है। हमारे आस-पास हरियाली दिख रही है। इस कर्तव्य को पूरा करने का दायित्व प्रत्येक व्यक्ति का है। पर्यावरण को बचाना सबकी जिम्मेदारी है।